Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-२२-२३ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६ नवम्बर - १५ दिसम्बर २०२२ (संयुक्तांक) पृष्ठ १२ मूल्य:२० रु.मात्र +डाक खर्च (रंगीन सहित)



## प्रधानमंत्री ने वंदे भारत एक्सप्रेस और भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प.सू.का/नईदिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केएसआर बेंगलुरु रेलवे स्टेशन पर मैसुरु और पुरट्चि तलैवर डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह देश में शुरू हुई पांचवीं वंदे भारत एक्सप्रेस है और दक्षिण भारत की पहली ऐसी ट्रेन है। प्रधानमंत्री ने केएसआर रेलवे स्टेशन, बेंगलुरु में भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'मेक इन इंडिया' की सफलता की कहानी के एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में, भारतीय रेलवे ने भारत की पहली स्वदेशी सेमी-हाई स्पीड ट्रेन- वंदे भारत एक्सप्रेस लॉन्च की थी। प्रधानमंत्री ने १५ फरवरी, २०१६ को नई दिल्ली में पहली वंदे भारत ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया था, जो नई दिल्ली-कानपुर-इलाहाबाद-वाराणसी मार्ग पर चलती है। इसके अलावा, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें नई दिल्ली-माता वैष्णो देवी कटरा, गांधीनगर राजधानी-अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल और अम्ब अंदौरा-नई दिल्ली मार्गो पर शुरू की गई हैं। यह नई ट्रेन औद्योगिक केंद्र चेन्नई और तकनीकी-सॉफ्टवेयर-स्टार्टअप हब बेंगलुरु और विश्व प्रसिद्ध पर्यटन शहर मैसुरु के बीच संपर्क को बढ़ाएगी। इससे मैसुरु-बेंगलुरू-चेन्नई मार्ग पर यात्रा करने वाले नियमित यात्रियों के अलावा सॉफ्टवेयर और व्यावसायिक पेशेवरों, प्रौद्योगिकीविदों, पर्यटकों, छात्रों को लाभ होगा। यह एयरलाइन जैसा आराम प्रदान करेगा और रेल यात्रा के अनुभव को पुनः परिभाषित करेगा।

## प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस और भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



साभारः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस और भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री क्रांतिवीर संगोली रायन्ना (केएसआर) रेलवे स्टेशन की प्लेटफार्म संख्या ७ पर झंडी दिखाने वाले क्षेत्र में पहुंचे और चेन्नई-मैसुरु वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। ये देश की पांचवीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन होगी और दक्षिण भारत में इस तरह की पहली ट्रेन होगी। ये चेन्नई के औद्योगिक केंद्र, बेंगलुरु के टेक और स्टार्टअप हब और प्रसिद्ध पर्यटन शहर मैसूर के बीच के संपर्क को बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहाय"चेन्नई-मैसुरु वंदे भारत एक्सप्रेस कनेक्टिविटी के साथ-साथ वाणिज्यिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी। ये 'ईज ऑफ लिविंग' को भी बढ़ाएगी। खुशी है कि इस ट्रेन को बेंगलुरु से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।"इसके बाद प्रधानमंत्री प्लेटफॉर्म संख्या ८ के फ्लैग ऑफ क्षेत्र में पहुंचे और भारत गौरव काशी यात्र ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। कर्नाटक पहला राज्य है जिसने भारत गौरव योजना के तहत इस ट्रेन को शुरू किया है जिसमें कर्नाटक सरकार और रेल मंत्रालय मिलकर कर्नाटक से तीर्थ यात्रियों को काशी भेजने के लिए कार्य कर रहे हैं। इन तीर्थ यात्रियों को काशी, अयोध्या और प्रयागराज जाने के लिए आरामदायक प्रवास और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होने कहा की मैं कर्नाटक को बधाई देना चाहता हूं कि वो पहला राज्य है जिसने भारत गौरव काशी यात्रा ट्रेन शुरू की है। ये ट्रेन काशी और कर्नाटक को करीब लाती है। तीर्थयात्री और पर्यटक अब आराम से काशी, अयोध्या और प्रयागराज की यात्रा कर सकेंगे।

> कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।
>
> जार्ज इलियट

## महाप्रबन्धक सतीश कुमार ने किया प्रयागराज जं का औचक निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवाः महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे का पदभार ग्रहण करने के उपरांत सतीश कुमार ने दिनांक ०८.११.२०२२ को देर रात लगभग २२३० बजे प्रयागराज जं का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान कुमार ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही यात्रियों एवं रेल कर्मियों से वार्ता भी की। सतीश कुमार का औचक निरीक्षण करने का उद्देश्य स्टेशन की वास्तविक स्थिति में यात्रियों को उपलब्ध व्यवस्थाओं को मूल रूप में परखना था। इस निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को विक्रय हेतु भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान प्लेटफॉर्म सं-०१ पर बंद फूड प्लाजा को देख कर उस स्थान पर नए फूड प्लाजा को खोलने के लिए आई आर सी टी सी के अधिकारियों से वार्ता के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लेने के क्रम में यात्री विश्रामालयों तथा शौचालयों को देखा। उन्होंने इस दौरान शौचालयों में उचित सफाई व्यवस्था बनाए रखने क लिए भी संबंधित अधिकारियों को कहा। इसी क्रम में कुमार ने स्टेशन पर दिव्यांगों के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं जैसे वाटर बूथ, शौचालय, व्हील चेयर आदि को भी देखा। महाप्रबंधक ने इस दौरान स्टेशन पर उपस्थित रेल यात्रियों से वार्ता कर यात्री सुविधाओं और व्यवस्थाओं का फर्स्ट हैंड फीडबैक लिया। उन्होंने इस दौरान रेल कर्मियों से भी बात की।

# उत्तर मध्य रेलवे मे ब्रॉड गेज नेटवर्क हुआ विद्युतीकृत




रे.स.ब्यूरो./सूत्र. झांसी मंडल के ईशानगर- उदयपुरा खंड के विद्युतीकरण के साथ मिशन १००% विद्युतीकरण के अनुसरण में अपने अंतिम शेष गैर विद्युतीकृत खंड का भी विद्युतीकरण कार्य पूरा कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह अंतिम खंड था जो उत्तर मध्य रेलवे के कुल ३२२२ रूट किलोमीटर (आरकेएम) ब्रॉड गेज नेटवर्क में गैर विद्युतीकृत था। ज्ञात हो कि, उत्तर मध्य रेलवे अपने सभी मार्गों का युद्ध स्तर पर विद्युतीकरण कर रहा था और अब अंतिम चरण में इस शेष बचे ७६ किलोमीटर लंबे रेल खंड का विद्युतीकरण भी कर दिया गया है और विद्युत कर्षण के साथ ट्रेन चलाने का प्राधिकरण भी प्राप्त हो गया है। अबसे पहले उत्तर मध्य रेलवे के दो मंडल आगरा और प्रयागराज में शत- प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका था और इसके साथ ही अब झांसी मंडल के पूरे ब्रॉडगेज नेटवर्क का भी विद्युतीकरण कर दिया गया है। ज्ञात हो कि, २०२२-२३ में, निम्नलिखित मार्गो के लिए विद्युत कर्षण वाली ट्रेनों को चलाने के लिए प्राधिकरण प्राप्त हुआ हैः

१. प्रयागराज मंडल के बरहन-एटा (५६ आरकेएम)

२. झांसी मंडल के ईशानगर-उदयपुरा (७६ आरकेएम) पूरे नेटवर्क के विद्युतीकरण के साथ, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के हिस्सों में स्थित उत्तर मध्य रेलवे रेलवे के सभी मार्गो को अब विद्युतीकृत रेल सेवा के माध्यम से सेवित किया जा सकेगा। इन विशाल विद्युतीकरण कार्यो का महत्व इस तथ्य में निहित है कि जब इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव से आने वाली ट्रेन गैर-विद्युतीकृत क्षेत्र में आती है तो कर्षण परिवर्तन के कारण होने वाली बाधा समाप्त हो जाएगी। चूंकि ट्रैक्शन बदलने की आवश्यकता भी समाप्त हो गई है, इससे मोबिलिटी भी बढ़ेगी और इस प्रकार ट्रेनों के समयपालन में सुधार में भी सहायता मिलेगी । वित्तीय वर्ष २०२२-२३ में, उत्तर मध्य रेलवे और अन्य क्षेत्रीय रेलवे के विभिन्न खंडों में प्रमुख विद्युतीकरण कार्यो के पूरा होने के बाद उत्तर मध्य रेलवे से चलने वाली ०३ जोड़ी मेल एक्सप्रेस ट्रेनों को डीजल से इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन में ले लिया गया है। जल्द ही तीन और जोड़ी ट्रेनों को इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर ले लिया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व महाप्रबंधक/ उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने टीम एनसीआर विशेषकर बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीवन में एक बार ही हासिल होने वाली उपलब्धि है, और यह बहुत सारे जाने-अनजाने रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों के अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि मिशन शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का देश के विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर सतीश कोठारी ने बैठक के दौरान बताया कि नव विद्युतीकृत ईशानगर- उदयपुरा खंड के निरीक्षण के दौरान सभी विद्युत और कर्षण संबंधी प्रतिष्ठानों, पोल, ओएचई, टीएसएस और सभी उपकरणों को परिचालनिक दृष्टि से पूरी तरह से परीक्षण किया गया ।

## सूबेदारगंज-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन के बढ़े फेरे

रे.स.ब्यू/सूत्रः रेलवे ने प्रयागराज के सूबेदारगंज से सिकंदराबाद के लिए चल रही स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ा दिए हैं। इसका संचालन अब २६ जनवरी २०२३ तक होगा। उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने इसकी समय सारिणी जारी कर दी। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ एचएस उपाध्याय ने बताया कि सूबेदारगंज से ०४१२१ प्रत्येक बृहस्पतिवार आठ दिसंबर से २६ जनवरी २३ तक दोपहर ३.५० बजे चलेगी, जो वाया फतेहपुर, कानपुर, पुखरायां, उरई, झांसी, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, पेदापल्ली, काजीपेट रुकते हुए शुक्रवार रात आठ बजे सिकंदराबाद पहुंच जाएगी। वापसी में ०४१२२ सिकंदराबाद-सूबेदारगंज शुक्रवार नौ दिसंबर से २७ जनवरी २३ तक रात ६.५० बजे चलकर रविवार सुबह चार बजे सूबेदारगंज पहुंच जाएगी।

# प्रधानमंत्री रोजगार मेला में उत्तर मध्य रेलवे ने की सहभागिता



साभारः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने २२ अक्टूबर, २०२२ को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेला, १० लाख कर्मियों को रोजगार देने का अभियान, का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान, नए भर्ती होने वाले ७५,००० अभ्यर्थियों को नियुक्ति -पत्र सौंपे गए। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की सतत् प्रतिबद्धता को पूरा करने और नागरिकों का कल्याण सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार, सभी मंत्रालय और विभाग अनुमोदित पदों की रिक्तियों को भरने के लिए मिशन मोड में काम कर रहे हैं। समूचे देश से चुने गए नए अभ्यर्थी भारत सरकार के ३८ मंत्रालयों/विभागों में काम करेंगे। अभ्यर्थी सरकारी सेवा में ग्रुप-ए, ग्रुप-बी (राजपत्रित), ग्रुप-डी (अराजपत्रित) और ग्रुप-सी सेवाओं में जाएंगे। ये भर्तियां मंत्रालयों और विभागों द्वारा अपने स्तर पर अथवा यूपीएससी ,एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से मिशन मोड में की जा रही हैं। भर्ती प्रक्रिया को तीव्र करने के लिए, चयन प्रक्रियाओं को सरलीकृत और तकनीक- अनुकूल बनाया गया है। अन्य क्षेत्रीय रेलों की तरह उत्तर मध्य रेलवे ने आज प्रधानमंत्री रोजगार मेला में सहभागिता की। समारोह दो स्थानों पर आयोजित किये गए- कानपुर (चंद्र शेखर आजाद कृषि और प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय, कानपुर, यूपी।) ग्वालियर (प्लेटफॉर्म नंबर-०४ की ओर पश्चिम सर्कुलेटिंग एरिया, ग्वालियर स्टेशन, ग्वालियर (म. प्र.) कानपुर में स्मृति जूबिन इरानी, मंत्री, महिला और बाल विकास और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मुख्य अतिथि थीं, जबकि नरेंद्र सिंह तोमर, कृषि और किसान विकास मंत्री, ग्वालियर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कानपुर में आयोजित समारोह में कुल १६६ नए नियुक्त युवा शामिल हुए। इनमें से ११३ उत्तर मध्य रेलवे (प्रयागराज मंडल और एनसीआर मुख्यालय), आईटीबीपी में १५, ईएसआईसी में २०, सेंट्रल बैंक में १०, डाक विभाग में १६, आयकर में १७, बीएसएफ में ४ और जनशक्ति विभाग में १ नियुक्त किया गया है। ग्वालियर में आयोजित समारोह में २०१ नव नियुक्त लोग शामिल हुए। इसमें से रेलवे (झांसी मंडल) में १५७, बीएसएफ में ०६, सेंट्रल बैंक में ०३ और केनरा बैंक में ०३, डाक विभाग में १२, जल संस्थान में १ और नारकोटिक्स विभाग में १६ शामिल हैं। ये नई नियुक्तियां मुख्य रूप से यूपी, राजस्थान, एमपी, बिहार और दिल्ली आदि के विभिन्न जिलों से संबंधित हैं। विशेष रूप से प्रयागराज, कानपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा, औरया, भोपाल,हमीपुर, अलवर, दौसा, धौलपुर, भिंड, मथुरा, मेरठ, छतरपुर, मुरैना, समस्तीपुर, करोली, मुजफ्फरनगर आदि जिले प्रमुख हैं। सर्वविदित है कि भारतीय रेलवे न केवल भारत की सबसे बड़ी बल्कि सबसे बेहतर नियोक्ता भी है। यह अपने कर्मचारियों को वह सब प्रदान करती है जो उनके लिए जरूरी होता है । भारतीय रेलवे में नौकरी करना न केवल सामाजिक कृष्टि से सम्मान जनक है बकि अनेक कृष्टि से लाभप्रद भी है।

## रेलवे का बड़ा निर्णय, ७५ वर्ष की आयु पूरी कर चुके सेवानिवृत्त कर्मियों को मिलेगा AC-2 का पास

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. आजादी की ७५वीं वर्षगांठ पर सम्मानित होने वाले सेवानिवृत रेलकर्मियों को निःशुल्क यात्रा की सौगात मिलेगी। रेलवे बोर्ड ने ७५ वर्ष पूरे करने वाले रेलकर्मियों के लिए वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का विशेष पास जारी करने की घोषणा की है। रेलकर्मी पास पर सहयात्री के साथ यात्रा कर सकेंगे। पास १५ दिन के लिए वैध होगा। रेलवे के इस निर्णय से रेलकर्मियों, खासकर सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों में उत्साह है। पास को शीघ्र ही जारी किया जाएगा। आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआइआरएफ) के सहायक मंत्री और एनई रेलवे मजदूर यूनियन (नरमू) के वयोवृद्ध १०५ वर्षीय महामंत्री केएल गुप्ता ने बोर्ड के इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि आजादी की ७५वीं वर्षगांठ पर रेलवे ने अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी याद किया है।

# सौर ऊर्जा के उपयोग से पहले छह माह में रु २.८ करोड़ की शुद्ध राजस्व बचत



साभारः सौर मिशन पर राष्ट्रीय पहल के अनुसरण में, उत्तर मध्य रेलवे (उत्तर मध्य रेलवे) ने सौर ऊर्जा उत्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उत्कृष्ट रख-रखाव, सौर ऊर्जा संयंत्र के संचालन की सघन मॉनिटरिंग और सौर मिशन-२०२१-२२ के तहत किये गए अभिनव प्रयासों के कारण, वर्ष २०२१-२२ में उत्तर मध्य रेलवे में सौर संयंत्रों की उत्पादकता सभी जोनल रेलवे में सबसे अधिक थी। पिछले, वित्तीय वर्ष में, सौर ऊर्जा का उपयोग करके १२४ लाख यूनिट ऊर्जा उत्पन्न कर रु ५.०१ करोड़ की बचत की गई।

इसी गति को जारी रखते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी पहली छमाही में उत्तर मध्य रेलवे द्वारा ६६.६ लाख यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया है। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण के एक बड़े लक्ष्य की ओर एक कदम है, इससे राजस्व में भी पर्याप्त बचत हुई है। इस प्रकार सौर ऊर्जा के उपयोग से रुपये २. ८ करोड़ की शुद्ध राजस्व बचत दर्ज की गई है। उत्तर मध्य रेलवे की कुल स्थापित क्षमता ११.०३ मेगावाट है। इसमें से १२० के डब्ल्यू पी रेलवे द्वारा स्थापित किया गया है, शेष १०८८२.३४ के डब्ल्यू पी क्षमता दो प्रमुख सौर ऊर्जा डेवलपर्स (SPD) **Azure** और **ReNew** द्वारा **PPP** आधार पर स्थापित की गई है। स्टेशन भवन, कार्यशालाएं, ट्रेनिंग विद्यालय, महाप्रबंधक कार्यालय और मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन आदि प्रमुख स्थानों पर रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाए गए हैं । इस वर्ष सौर ऊर्जा का उपयोग करके उत्तर मध्य रेलवे द्वारा कार्बन उत्सर्जन में लगभग ३२०० मीट्रिक टन की कमी की गई है। सौर संयंत्रों के प्रदर्शन का एक महत्वपूर्ण पैरामीटर कैपेसिटी यूटिलाइजेशन फैक्टर (सीयूएफ) है। उत्तर मध्य रेलवे के सौर पैनलों ने वर्ष के दौरान 14:4% का सीयूएफ दर्ज किया है। सौर ऊर्जा के प्रयोग के संवर्धन के लिए सौर संयंत्रों के रखरखाव को अत्यधिक महत्व दिया जा रहा है। इसके लिए उठाए गए कुछ कदम इस प्रकार हैं: प्रत्येक संयंत्र के लिए इनवर्टर वार सौर ऊर्जा उत्पादन की निगरानी की जा रही है। ऊर्जा और सीयूएफः संयंत्रों की मासिक के स्थान पर दैनिक मॉनिटरिंग की जा रही है। छत की मरम्मत, इनवर्टर, केबल आदि के कारण खराब/विघटित संयंत्रों को ठीक किया गया है। सौर पैनलों की गुणवत्तापूर्ण सफाई पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सौर्य संयंत्रो के निकट सूर्य की किरणों को अवरोधित करने वाले पेड़ों की छंटाई। अनुरक्षण कर्मचारियों की ट्रेनिंग और संवेदीकरण के लिए २५ प्वाइंट सोलर मिशन रेडी रेकनर सचित्र रूप में जारी किया गया। हिंदी में २५ विषयों पर तकनीकी और व्यावहारिक उपयोगी वीडियो क्षेत्रीय पर्यवेक्षकों के ज्ञानवर्धन के लिए जारी किए गए हैं। ऊर्जा और अन्य महत्वपूर्ण डेटा के व्यवस्थित प्रलेखन और मॉनिटरिंग के लिए एस.एस.ई को सोलर डायरी की प्रणाली की शुरुआत की गई। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने इस उपलब्धि के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम को बधाई दी और कुल गैर-कर्षण विद्युत ऊर्जा खपत में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए एक केंद्रित कृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। चालू वित्त वर्ष में १.५ डंच सौर संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रयागराज मंडल ०.७५ मेगावाट के सौर संयंत्र स्थापित करेगा जबकि झांसी और आगरा मंडल मौजूदा क्षमता में क्रमशरू ०.५ और ०.२५ मेगावाट की क्षमता वृद्धि करेंगे। इन रूफ टॉप सौर संयंत्रों के दिसंबर २०२२ तक रेलवे स्टेशनों, कार्यालय/सेवा भवनों जैसे विभिन्न स्थानों पर चालू होने की उम्मीद है।

हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
डॉ जाकिर हुसैन

# रेलवे सुरक्षा बल/क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, सूबेदारगंज, प्रयागराज में स्मृति दिवस समारोह हुआ आयोजित



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. रेलवे सुरक्षा बल/क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, सूबेदारगंज, प्रयागराज में दिनाँक २१.१०.२०२२ को शहीदों की याद में स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। उक्त परेड में उत्तर मध्य रेलवे से रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारीगण रवीन्द्र वर्मा, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त महोदय, रमेश चंद्र, मुख्य सुरक्षा आयुक्त, विजय प्रकाश पंडित, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/प्रयागराज मंडल महोदय, आर.के.सिंह, सुरक्षा आयुक्त सह प्रधानाचार्य/क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र सूबेदारगंज व अन्य अधिकारीगण/स्टॉफ उपस्थित रहे एवं शहीदों को रीथ/पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वर्मा ने सभी उपस्थित कर्मियों को इस दिवस की महता के बारे मे बताते हुए उन्हे रेल हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भारतीय रेल के शहीद रेल सुरक्षा बल कर्मियों को याद किया गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

# अखिल भारतीय रेलवे जिम्नास्टिक चौंपियनशिप में उत्तर मध्य रेलवे की टीम ने जीते १३ मेडल



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः अखिल भारतीय रेलवे जिम्नास्टिक कोलकाता में दिनांक ०६.११. २०२२ से ११.११.२०२२ तक आयोजित ५१वीं चौंपियनशिप में उत्तर मध्य रेलवे ने १३ पदक जीत कर ओवर अल चौंपियनशिप में द्वितीय स्थान हासिल किया । उत्तर मध्य रेलवे की टीम में ०६ खिलाड़ी शामिल थे और इनमें से ५ खिलाड़ियों ने पदक हासिल किये। उत्तर मध्य रेलवे की कुल पदक तालिका ४ स्वर्ण, ६ रजत और ३ कांस्य रही। प्रतियोगिया में सिद्धार्थ वर्मा को ऑल राउंड चौंपियन का स्थान मिला। इसमें सिद्धार्थ वर्मा ने दो स्वर्ण और दो रजत, आशीष कुमार ने एक स्वर्ण तथा एक रजत, आदित्य सिंह राणा ने एक स्वर्ण, एक रजत तथा एक कांस्य, अभिलेख पराशर एक रजत और एक कांस्य, अंकुर शर्मा ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीत कर उत्तर मध्य रेलवे को गौरवान्वित किया। उत्तर मध्य रेलवे की टीम ने महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार से उनके कार्यालय में जाकर अपनी उपलब्धियों से अवगत कराया। महाप्रबंधक ने जिम्नास्टिक टीम के खिलाड़ियों से प्रत्येक के विषय में जानकारी ली और उनको हासिल की गई शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए सराहना की। महाप्रबंधक ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी वे उत्तर मध्य रेलवे और राष्ट्र के लिए इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करेंगे। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के महासचिव हिमांशु शेखर उपाध्याय, सचिव/महाप्रबंधक अजय सिंह, उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के संयुक्त सचिव गौरव लूनिवाल, अन्य पदाधिकारी तथा उत्तर मध्य रेलवे स्पोर्ट्स सेल इंचार्ज दिनेश यादव उपस्थित रहे ।

''मनुष्य को ठंडा रहना चाहिए, क्रोध नहीं करना चाहिए। लोहा भले ही गर्म हो जाए, हथौड़े को तो ठंडा ही रहना चाहिए अन्यथा वह स्वयं अपना हत्था जला डालेगा। कोई भी राज्य प्रजा पर कितना ही गर्म क्यों न हो जाये, अंत में तो उसे ठंडा होना ही पड़ेगा।''
-सरदार वल्लभभाई पटेल

**सम्पादकीय**

## गुजरात चुनाव इम्तिहान बीजेपी का

गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान चुनाव आयोग ने कर दिया। वहीं मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल अगले साल १८ फरवरी को समाप्त हो रहा है। गुजरात विधानसभा चुनाव कई कारणों से किसी भी अन्य विधानसभा चुनाव से ज्यादा अहम माने जा रहे हैं। वजह सबसे बड़ी यही है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह दोनों इसी राज्य से आते हैं और इन चुनावों को इन दोनों नेताओं की राजनीतिक साख से जोड़कर देखा जाता है। पिछले ढाई दशक से भी ज्यादा समय से बीजेपी ने गुजरात को अपना ऐसा अभे किला बना भी रखा है, जहां विपक्ष चाहकर भी सेंध नहीं लगा पा रहा है। बीजेपी के पक्ष में सबसे बड़ी चीज है उसकी मजबूत इलेक्शन मशीनरी और दूसरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वप्रिय छवि। इन दोनों का कोई तोड़ विपक्ष अभी तक नहीं निकाल पाया है गुजरात में। इस बार क्या होता है, यह ८ दिसंबर को साफ होगा। २०१७ के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस लक्ष्य के काफी करीब तक पहुंच गई थी। २०१२ के विधानसभा चुनावों के मुकाबले अपने वोट प्रतिशत में ढाई फीसदी इजाफा करते हुए उसने ४१.४ प्रतिशत वोट हासिल किए थे। लेकिन सीटों में कमी होने के बावजूद बीजेपी ने सत्ता कायम रखने लायक सामान्य बहुमत प्राप्त कर ही लिया।

तब १८२ सदस्यों वाली विधानसभा में बीजेपी को ९९ यानी बहुमत से सात ज्यादा सीटें मिली थीं। इस बार के चुनाव मोरबी में हुए पुल हादसे की पृष्ठभूमि में हो रहे हैं। इसकी अहमियत इस बात से भी समझी जा सकती है कि चुनाव आयोग ने चुनाव तारीखों की घोषणा के लिए आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत भी हादसे का शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए की।

# 5th InnoRail Exhibition and International Conference -2022 Inaugurated at RDSO




SOURCE/CPRO: InnoRail Exhibition is a unique platform for all stakeholders of the railway sector to come under one roof for an effective business networking with key people from across the globe. Also, it displays latest technological advancements, innovations, related products, and technical services and provides an opportunity for the Indian Railway units, to showcase their future requirements, visions and innovations.

The first edition of InnoRail exhibition and international conference was held in the year 2014 and thereafter, it is being organised consistently once in every two years. The fifth edition is organised in RDSO stadium w.e.f. 17.11.2022. In this grand event, industries of more than 125 Indian and foreign countries associated with latest railway products and technologies are showcasing their products.

DG, RDSO, Shri Sanjiv Bhutani inaugurated the 5th InnoRail exhibition and international conference on 17 Nov-2022. He lit the lamp at the inaugural ceremony and inaugurated the 5th edition of InnoRail Exhibition catalogue. Mr. Thierry Lassus,Vice president & Head Industry Network, Hitachi, Switzerland praised the Indian railway and said that it has the potential to contribute intensively in the field of Locomotives and also talked about the sustainable energy in future. Shri Sushil kumar, MD, UPMRC spoke about the achievements of UPMRC and said that its completion is the fastest in Metro Services. Shri Atul Gupta AM/RS of Railway Board also said that more business people are being invited to accomplish the mission of Atmanirbhar Bharat and also discussed about the utility of UVAM portal. Chief Guest, Shri Sanjiv Bhutani, DG, RDSO welcomed senior officials of Railway Board and from indistry, and in his address he spoke about the recent achievements of RDSO and its ongoing projects. He also spoke about the initiatives taken by RDSO for increasing the vender base for Indian Railways. ED/Research, Shri Amit Srivastava thanked all the dignitaries, Speakers and media persons for visiting the Exhbition. RDSO has also put its stall in this Exhibition and a number of miniature models of rolling stocks are put in this stall.

# रे.सु.ब. द्वारा स्टेशन का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवाः रवीन्द्र वर्मा, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/ रेसुब/ उ.म.रे/ प्रयागराज द्वारा प्रयागराज रेलवे स्टेशन का दिनांक २८.१०.२०२२ को विजिट किया गया, विजिट के दौरान प्रयागराज स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं रेसुब प्रयागराज को सुरक्षा बन्दोबस्त हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। भीड नियन्त्रण के लिए आरपीएफ द्वारा त्वरित कार्यवाही दल (QRT) को तैनात किया गया है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्रयागराज स्टेशन की १४८ सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से २४ घन्टे निगरानी की जा रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से रेसुब. द्वारा स्टेशन पर आने वाले यात्रियों के सामानों की लगेज स्केनर/ डीएफएमडी/ एचएचएमडी के माध्यम से चेकिंग की जा रही है। रेल परिचालन में किसी भी तरह की बाधा न हो इसके लिए प्राथमिकता के आधार पर अतिरिक्त रे.सु.ब कर्मियों को तैनात किया गया है।

प्रयागराज स्टेशन पर अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों के व्यवस्थित प्रवेश के लिए आरपीएफ कर्मचारियों की देखरेख में भीड़ नियंत्रण को सुनिश्चित किया जा रहा हैं। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए क्राइम इंटेलिजेंस ब्रांच और स्पेशल इंटेलिजेंस ब्रांच के अधिकारियों को तैनात किया गया हैं।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को किया गया नमन



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः बिलासपुर रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर के बुधवारी बैरक ग्राउंड में शहीद दिवस के अवसर पर २१ अक्टूबर, २०२२ को शहीदों के सम्मान मे "स्मृति परेड" आयोजित किया गया।

परेड में रेसुब के जवानों की प्लाटून द्वारा बैंड के साथ शहीद स्मारक के सामने शहीदों को सलामी देकर सभी अधिकारियों एवं जवानों द्वारा पुष्पांजली अर्पित किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर के महानिरीक्षक- सह- प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा वर्ष २०२१-२२ में रेलवे सुरक्षा बल/ रेलवे सुरक्षा विशेष बल के शहीद हुये १७ जवानों के साथ देश के अन्य राज्यों एवं अन्य अर्धसैनिक बलों के शहीदों को याद कर उन्हे नमन किया गया। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल अपराध शाखा बिलासपुर में वर्ष २०११ में रेलवे संपति की चोरी में लिप्त आरोपीयों को पकडने के दौरान प्रधान आरक्षक स्वः सी० पी० सिंह शहीद हुए थे, उनकी पत्नी सुनीता सिंह को इस शहीद दिवस परेड मे आमंत्रित कर महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे) बिलासपुर द्वारा सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान उप मुख्य सुरक्षा आयुक्त, वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त बिलासपुर एवं अन्य अधिकारी तथा बल सदस्य उपस्थित रहे ।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

## Ashutosh Gangal ,General Manager Northern Railway conducts inspection of Saharanpur-Ambala Cantt-Kalka Rail Section



Ashutosh Gangal, General Manager Northern Railway conducted an extensive inspection of Saharanpur-Ambala Cantt-Kalka Rail Section today. He was accompanied by Principal Heads of Departments of N.Rly. & Divisional Railway Manager, Ambala Division, Sh.Mandeep Singh Bhatia along with other senior railway officials. During the inspection, Shri Gangal inaugurated the Renovated TTE's Running Room and flagged off of the 100th Electric Loco Motive at Saharanpur (commissioned by Electric Loco shed, Saharanpur). Going over the station premises, a detailed inspection of Saharanpur railway station and crew guard lobby, various points and crossings en-route Sarsawa has been conducted. A park in front of Sarsawa was also inaugurated by planting the saplings in the park by Shri Gangal and head quarter officers. General Manager/ NR also inspected the railway colony Saharanpur. Modern small track machines such as abrasive rail cutter, hole drill machines, rail weld grinding machine and ultra-sonic double rail tester were on display at Yamuna Nagar Jagadhari in a small exhibition, which was duly inspected by GM/NR. Successful High speed trial of 120/130 kmph between Yamuna Nagar Jagadhari (210.93 km) and Ambala (261.93 km) was also conducted.

## आईआरसीटीसी को खाद्य पदार्थो के मेन्यू में बदलाव करने की रेल मंत्रालय ने दी छूट

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. ट्रेनों में खानपान सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए, रेल मंत्रालय ने आईआरसीटीसी को मेन्यू में जरूरी बदलाव करने की छूट देने का निर्णय लिया है, ताकि क्षेत्रीय व्यंजनों/प्राथमिकताओं, मौसमी व्यंजनों, त्योहारों के दौरान आवश्यकता, यात्रियों के विभिन्न समूहों की पसंद के अनुसार जैसे मधुमेह भोजन, शिशु आहार, बाजरा आधारित स्थानीय उत्पादों सहित स्वास्थ्य भोजन विकल्प आदि खाद्य पदार्थों को शामिल किया जा सके। तदनुसार, सक्षम प्राधिकारी ने निम्नलिखित का अनुमोदन किया है: १) जिन प्रीपेड ट्रेनों में केटरिंग शुल्क यात्रि किराए में शामिल है, उनके लिए मेन्यू का निर्धारण आईआरसीटीसी द्वारा पहले से अधिसूचित टैरिफ के भीतर किया जाएगा। इसके अलावा, इन प्रीपेड ट्रेनों में भोजन के अलग-अलग व्यंजनों और एमआरपी पर ब्रांडेड खाद्य पदार्थों की बिक्री की भी अनुमति होगी। भोजन के ऐसे अलग-अलग व्यंजनों का मेन्यू और टैरिफ आईआरसीटीसी द्वारा तय किया जाएगा। २) (क) अन्य मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए, मानक भोजन जैसे बजट श्रेणी के खाद्य पदार्थों का मेन्यू पहले से अधिसूचित टैरिफ के भीतर आईआरसीटीसी द्वारा तय किया जाएगा। जनता भोजन के मेन्यू और टैरिफ में कोई बदलाव नहीं होगा। (ख) मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भोजन के अलग-अलग व्यंजनों और एमआरपी पर ब्रांडेड खाद्य पदार्थों की बिक्री की अनुमति होगी। भोजन के ऐसे अलग-अलग व्यंजनों का मेन्यू और टैरिफ आईआरसीटीसी द्वारा निर्धारित किया जाएगा। ३) मेन्यू तय करते समय, आईआरसीटीसी यह सुनिश्चित करेगा किरूक) भोजन और सेवा की गुणवत्ता और मानकों में उन्नयन को बनाए रखा गया है और यात्रियों की शिकायतों से बचने के लिए मात्र और गुणवत्ता में कटौती, स्तरहीन ब्रांडों के उपयोग आदि से सम्बंधित बार-बार और अनुचित बदलाव नहीं होने के लिए जरूरी सुरक्षा उपाय किये गए हैं। ख) मेन्यू को टैरिफ के अनुरूप होना चाहिए और मेन्यू को यात्रियों की जानकारी के लिए पूर्व-अधिसूचित किया जाना चाहिए तथा इसे पेश किये जाने से पहले इसके बारे में रेलवे को परामर्श दी जानी चाहिए।

### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभीतक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

## केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, में World Trauma Day पर कार्यक्रम आयोजित




रे.स.ब्यूरो./संवाः केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में डॉ. राकेश निगम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में दिनांक १७.१०.२०२२ को World Trauma Day मनाया गया। पूरे विश्व में प्रतिवर्ष करीब ५ मिलियन लोग सड़क दुर्घटना से मरते है। जिसमे अकेले भारत में एक मिलियन लोग सड़क दुर्घटना से मरते है, जो बहुत ही चिंता का कारण है। इसलिए दुर्घटना को रोकने के लिए हर वर्ष १७ अक्टूबर को World Trauma Day का अयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार, सीनि. डी.एम.ओ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि विश्व में Trauma का सबसे बड़ा कारण सड़क पर होने वाली दुर्घटनायें है इस तरह की दुर्घटानाओं से बचने के लिए यातायात के नियमों का पालन करना चाहिये एवं गाड़ी चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग एवं सीट बेल्ट का का प्रयोग करना चाहिये। घरों में छोटे बच्चों को गलत व अच्छे स्पर्स के बारे में माता पिता द्वारा उचित जानकारी देनी चाहिये, तथा बच्चों पर हो रहे अत्याचार पर माता पिता को खुलकर बात करना चाहिये जिससे बच्चों को सेक्सुअल ट्रामा से बचाया जा सके। मौके पर डॉ. परवेज अहमद, डॉ. मृत्तुंजय कुमार, अपर्णा सक्सेना, सरवन कुमार, उदय चंद्र मौर्य एवं भारी संख्या में रेलवे कर्मचारी एवं मरीज उपस्थित हुए।

## Chairman & CEO of Railway Board visits Chennai



Source-CPRO/SR: Vinay Kumar Tripathi, Chairman & CEO of Railway Board arrived at Chennai on a two-day official tour. On 28-10-2022 he inspected the Integral Coach Factory. After his inspection at ICF he visited Southern Railway Headquarters Hospital at Perambur. Vinay Kumar Tripathi inaugurated a well equipped hostel facility for the resident doctors of Perambur Railway Hospital. He also commissioned the Hospital Management Information System (HMIS) integrated clinical information system at the hospital. Later, a review meeting was held with the Southern Railway officials and Doctors at the hospital.After his inspection at Railway hospital, the Chairman & CEO left for Attipattu station for inspection of various railway sidings. Along with Railway officials, he had a meeting with officials of Kamarajar Port, Ennore, Chennai and discussed various aspects about movement of coal consignment by rail. Vinay Kumar Tripathi, the Chairman & CEO, was accompanied by.B.G.Mallya, General Manager, Southern Railway, Principal Heads of the departments, Divisional Railway Manager, Chennai and other senior offcials.



उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के नवागंतुक महाप्रबंधक को प्रेषित की शुभकामनाएं-क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री उत्तर मध्य रेलवे के सदस्य एवं रेल समाचार ब्यूरो के प्रधान संपादक श्री ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव ने उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के नवागंतुक महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर स्वागत किया एवं नवीन पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनसे उत्तर मध्य रेलवे के विकास परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की और उम्मीद जताई के उनके नेतृत्व में विकास के कार्यो को नई गति मिलेगी तथा आगामी कुंभ मेला तैयारी के सम्बंध में भी सुझाव दिए। साथ में रेल समाचार ब्यूरो के मुख्य सहयोगी, श्री दीपक अग्रवाल जी भी साथ में हैं।

## सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर रेलवे स्टेशन पर फोटो प्रर्दशनी का शुभारम्भ



रे.स.ब्यूरो./संवाः मंडल रेल प्रबन्धक, झांसी आशुतोष के द्वारा दिनांक २८.१०.२०२२ को वीरांगना लक्ष्मी बाई रेलवे स्टेशन पर लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल पर आधारित फोटो प्रर्दशनी का शुभारम्भ स्वतंन्त्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, वरिष्ठ नागरिकों तथा रेलवे अधिकारियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया । यह फोटो प्रर्दशनी झॉसी मण्डल के ग्वालियर, उरई, बांदा स्टेशनों पर भी लगाई है। इस दौरान मंडल रेल प्रबन्धक द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल के द्वारा भारत की स्वतंत्रता तथा आजादी के बाद अखण्डता व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये किये गये प्रयासों पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित सभी अधिकारियों तथा यात्रियों द्वारा प्रर्दशनी का अवलोकन किया गया । कार्यक्रम के प्रारम्भ में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी बी.के. चतुर्वेदी ने मंडल रेल प्रबन्धक तथा उपस्थित स्वतंन्त्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, वरिष्ठ नागरिकों तथा रेलवे अधिकारियों का स्वागत किया व अवगत कराया कि इस प्रर्दशनी का समापन ३१ अक्टुबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर किया जायेगा।

## उत्तर मध्य रेलवे में भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. रेलवे बोर्ड के निर्देश के अनुपालन में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में दिनांक १५.११.२०२२ को भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गयास ज्ञात हो कि, बहादुर आदिवासी स्वतंत्रा सेनानियों को सम्मानित करने हेतु तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव वीरता आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने हेतु प्रतिवर्ष १५ नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय प्रयागराज में जनजातीय गौरव दिवस २०२२ के अवसर पर कर्मचारियों के मध्य जागरूकता हेतु निबंध लेखन प्रतियोगता का आयोजन किया गया ५ इस प्रतियोगता की अध्यक्षाता अजय कुमार श्रीवास्तव , प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी द्वारा की गयी। निबंध लेखन प्रतियोगता का आयोजन एच. एन . चौधरी , उप मुख्य कार्मिक अधिकारी /सामान्य के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन आदेश कुमार मिश्र, सहायक कार्मिक अधिकारी , मुख्यालय ने किया। इस अवसर पर मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने पूरे उत्साह से बढ़ –चढ़ कर हिस्सा लिया ५इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड संगठन द्वारा प्रश्नोत्तरी , पेंटिंग , एवं नृत्य प्रतियोगता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तर मध्य रेलवे स्काउट गाइड एवं प्रयागराज मंडल स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पूजा रानी विश्वकर्मा प्रथम रेनू कुमारी द्वितीय सारिका सिंह तृतीय रेनू यादव एवं ऋतु सिंह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। क्विज कंपटीशन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, इसमें आकाश यादव प्रथम, ज्योति यादव, द्वितीय अंकिता शर्मा तृतीय तथा रेनू यादव तथा सारिका सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ५ सभी कार्यक्रम में पहले तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं दो प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गए। इस अवसर पर आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में आयुषी श्रीवास्तव प्रथम, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी / निर्माण एवं औ. स. तथा आदेश कुमार मिश्र, सहायक राज्य सचिव भारत स्काउट गाइड व सहायक कार्मिक अधिकारी६ मुख्यालय, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड की सहभागिता प्रशंसनीय रही।

## अपात्र के हाथ में यदि अधिकार आ जाए तो विनाश ही होगा- हर्षित मुनि

साभारः राजनांदगांव १६ अक्टूबर। जैन संत हर्षित मुनि ने कहा कि हमारे बड़ा पन का भाव ही हमें दुखी करता है। सामान्य परिवार के बड़े होते हुए भी हम अपने आपको बड़ा मानते हैं और यह चाहते हैं कि सामने वाला हमें प्रणाम करें। उन्होंने कहा कि यदि सामने वाला हमें प्रणाम नहीं करता तो हम दुखी हो जाते हैं। दरअसल यह बड़ा पन का भाव हमें दुखी करता है। समता भवन में आज अपने नियमित प्रवचन में जैन संत हर्षित मुनि ने कहा कि मुक्ति की यदि मन में इच्छा है तो उपाय अवश्य मिल जाता है। हर व्यक्ति स्वतंत्र रहना चाहता है। मोक्ष भी यही है कि हम स्वतंत्र हों । शौर्य तभी जागता है जब व्यक्ति, सामने शत्रु को देखता है। शत्रु को सामने देखने के बाद ही उसकी इच्छा जागृत होती है कि वह विजयी हो। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को पता ही नहीं रहता कि छोटी से छोटी गलती में कितना बड़ा नुकसान सहना पड़ सकता है। अपात्र के हाथ में यदि अधिकार आ जाता है तो विनाश ही होता है। इसलिए आप अधिकार की चाह न रखें। भगवान से अधिकार नहीं सद्बुद्धि मांगे। ज्यादा मिलने पर वह चीज हमारे लिए विनाश ही लेकर आती है। इसलिए भगवान से कम चीज ही मांगिए। संत ने फरमाया कि प्रदर्शन से विद्या विलुप्त हो जाती है। इसलिए अपनी विद्या का प्रदर्शन नहीं, आवश्यकता पड़ने पर उसका उपयोग करें। हम काया को साधना शुरू करें नहीं तो हम राजा होते हुए भी गुलाम बने रहेंगे। हमारा मन होना चाहिए कि हर रोज कम से कम एक समय तो आसन नहीं बदले। स्थिरता में काफी शक्ति होती है। हमें एक ही आसन में रहने के लिए ध्यान करना चाहिए। मन चंचल होगा और काया चंचल होगी तो हम एक ही आसन का सुख प्राप्त नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हम अपना मन बनाएं और अपने आपको साधे। कम से कम काया को साधेंगे तो निश्चित ही हम अपने लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

## CLEANLINESS CAMPAIGN AT DIFFERENT STATIONS OF NORTH-SOUTH AND EAST-WEST CORRIDOR



**Source-CPRO/SR: Kolkata: Metro Railway has been conducting 'Special Campaign 2.0. During this campaign intensive cleaning and sanitization drives at stations, trains, colonies, hospitals and other railway establishments are being carried out. A special cleanliness campaign was conducted on 22.10.2022 at Esplanade, Kalighat, Bengal Chemical and Central Park.This apart, Swachhta Abhiyan was also undertaken at other Stations of the North-South and East-West Corridor**



## शशिकांत त्रिपाठी बने झाँसी मंडल के नये वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,किया कार्य भार ग्रहण

रे.स.ब्यूरो./संवाः झाँसी मंडल के नये वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी ने दिनांकः २८.१०.२२ को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक झाँसी मंडल का कार्यभार ग्रहण किया। शशिकांत त्रिपाठी वर्ष-२००६ बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा के अधिकारी है। भारतीय रेल में इनकी सेवा का प्रारंभ उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल से हुआ, तत्पश्चात इन्होने अम्बाला मंडल, लखनऊ मंडल में सेवा प्रदान करने के उपरान्त उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल तथा झाँसी मंडल में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पद का कार्यभार बखूबी संभाला। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के कार्यकाल में इनके द्वारा बिजनस डेवलपमेंट यूनिट (BDU) में अहम् भूमिका निभायी गयी, जिससे झाँसी मंडल को फ्लाई एश लोडिंग तथा सिंघपुर डूमरा से गट्टी लोडिंग के माध्यम से रेल राजस्व में बढ़त हुई।

# रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य जारी

रे.स.ब्यूरो./संवाः रेल मंत्रलय ने देश भर के प्रमुख स्टेशनों के पुनर्विकास को तेज किया है।

वर्तमान में भारतीय रेलवे में आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए ४० रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। १४ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए टेंडर प्रक्रिया में हैं और अगले ५ महीनों में पुनर्विकास कार्य शुरू होने की संभावना है। देश भर में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास से अर्थव्यवस्था में रोजगार सृजन और बेहतर आर्थिक विकास जैसे कई अच्छे प्रभाव पड़ेंगे। इन स्टेशनों के पुनर्विकास में विशाल रूफ प्लाजा, फूड कोर्ट, वेटिंग लाउंज, चिल्ड्रन प्ले एरिया, स्थानीय उत्पादों के लिए खास स्थान आदि जैसी सुविधाओं की परिकल्पना की गई है।

विकास कार्य रेलवे स्टेशन के साथ परिवहन के विभिन्न साधनों जैसे मेट्रो, बस आदि और स्टेशन के साथ शहर के दोनों किनारों को भी जोड़ेगा। स्टेशन के बुनियादी ढांचे के निर्माण में 'दिव्यांगजनों' के लिए ग्रीन बिल्डिंग टेक्नॉलजी और अन्य सुविधाओं को अपनाया जाएगा। यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इंटेलिजेंट बिल्डिंग की अवधारणा पर स्टेशनों का विकास किया जाएगा।

स्टेशन पुनर्विकास रेलवे यात्रियों के साथ-साथ आम जनता के लिए स्टेशन पर 'सिटी सेंटर' जैसी सुविधाएं विकसित करेगा। पश्चिम मध्य रेलवे के रानी कमलापति स्टेशन, पश्चिम रेलवे के गांधीनगर राजधानी स्टेशन और दक्षिण पश्चिम रेलवे के सर एम.विश्वेश्वरैया टर्मिनल स्टेशन को विकसित करके चालू किया गया है। स्टेशनों के निर्माण के लिए समय सीमा इस स्तर पर तय नहीं की जा सकती क्योंकि स्टेशन विकास कार्यक्रम की प्रकृति जटिल है, इसमें कई हितधारक और विभिन्न वैधानिक मंजूरी शामिल हैं।

# भरुआसुमेरपुर स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का संस्थापन कार्य हुआ पूर्ण




रे.स.ब्यूरो./सूत्र. उत्तर मध्य रेलवे ने एक और उपलब्धि हासिल की। ज्ञात हो कि, उत्तर मध्य रेलवे के एक मात्र शेष खैरार-भीमसेन रेल खंड पर स्थित भरुआसुमेरपुर स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के संस्थापन कार्य पूर्ण कर लिया गया।

उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मंडल का यह स्टेशन मैकेनिकल इंटरलॉकिंग युक्त अंतिम स्टेशन था, जिसको अब इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से युक्त कर दिया गया है। उक्त संस्थापन के साथ ही उत्तर मध्य रेलवे अब पूर्णतः मैकेनिकल इंटरलॉकिंग से मुक्त हो गया है। भरुआसुमेरपुर स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का संस्थापन और पुराने इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिग्नलिंग (उत्तर मध्य रेलवे का अंतिम स्टेशन) के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य को स्टैण्डर्ड-II इंटरलॉकिंग के साथ सफलता पूर्वक पूरा किया गया।

इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली सिग्नलिंग की अत्याधुनिक प्रणाली है, जिसके प्रयोग से लीवर खेंचकर लाइन बदलने वाली प्रथा समाप्त हो गयी है।

जिसके साथ-साथ मैन पॉवर की भी बचत हुई है, अब यह कार्य एक केंद्रीयकृत स्थान से बटन दबाकर कर लिया जाता है।

पुराने इलेक्ट्रो-मैकेनिकल इंस्टॉलेशन के बदले में नयी इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का संस्थापन संरक्षा की दृष्टि से एक महत्वपूर्व उपलब्धि है।

उक्त संस्थापन के साथ उत्तर मध्य रेलवे भी पूर्णतः मैकेनिकल इंटरल किंग रहित हो गया है। अभी हाल ही में उत्तर मध्य रेलवे ने १००% विद्युतिकृतकरण की उपलब्धि हासिल की है, इसी क्रम में यह उपलब्धि उत्तर मध्य रेलवे के निरंतर अवसंरचनात्मक विकास का उदाहरण है।

उक्त संस्थापन में प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर एम.के. बेउरा, मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर / परियोजना (समन्वय) सतेंद्र कुमार, मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/ परियोजना भूलेंद्र सिंह सहित सम्पूर्ण सिग्नल एवं टेलिकॉम टीम द्वारा अहम् भूमिका निभायी गयी है।

# आरेडिका में ४३वें अखिल भारतीय रेलवे महिला व लीव चौंपियनशिप का शुभारम्भ



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में ४३वें अखिल भारतीय रेलवे महिला वॉलीवॉल चौंपियनशिप २०२२ का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक बृज मोहन अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में हमारे जीवन में खेल-कूद की महत्ता के बारे में बताया है। खेलना हम सब की प्रकृति है, खेल न केवल हमेंशारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हैं बल्कि हमें एक सजग और अनुशासित नागरिक भी बनाता है। आरेडिका के खेल-कूद संघ के अध्यक्ष एस. के. कटियार, नें बताया कि इस चौंपियन शिप में ८ जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों की लगभग १५० महिला खिलाड़ी प्रतिभाग कर रही हैं तथा इस चौंपियन शिप में महिला खिलाडी अपनी प्रतिभा दिखाएंगी।

इसके साथ ही खिलाड़ियों ने खेल भावना से खेलने के लिए शपथ ली। इस अवसर पर रेलवे स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के टेक्नीकल टीम, मैनेजमेंट टीम सहित विभिन्न जोनों के कोच एवं आरेडिका के खेल-कूद संघ के अध्यक्ष एस. के. कटियार, सचिव एस.एस.केरो, पदमश्री सुश्री सुधा सिंह एवं आरेडिका के उच्च अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले के विकास के लिए सभी को मिलजुल कर करना होगा कार्य



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः कलक्ट्रेट सभागार फिरोजाबाद में उ०प्र० सरकार के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण, बाट मांप विभाग मंत्री, अशीष पटेल जी के मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय सासंद डा० चन्द्रसैन जादौन की अध्यक्षता में जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सांसद व मंत्री जी ने जिला प्रशासन द्वारा अब तक किये गये कार्यो पर सन्तोष व्यक्त करते हुये कहा कि जनपद के सर्वागीण विकास के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

बैठक के दौरान मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास शहरी व ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन शहरी व ग्रामीण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सहित जनपद में संचालित सभी ४१ विकासपरक योजनाओं की प्रगति को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन (आईएएस) ने एक-एक कर सभी योजनाओं की प्रगति को पढकर समिति के सदस्य, विधायक प्रतिनिधियों, ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका चैयरमैन आदि जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किया। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, डेडीकेटेड फ्रेट कारिडोर, राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना, दूरसंचार विभाग एवँ पोस्टल विभाग के अधिकारियों ने अपने अपने विभागों द्वारा फिरोजाबाद जिले में किए जा रहे विकास कार्यो की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया और भविष्य की अपनी कार्य योजना प्रस्तुत की।

चेयरमैन सोनी शिवहरे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आशीष तिवारी (आईपीएस), नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी, पीडीडीआरडीए, सहित सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# HON'BLE MINISTER OF RAILWAYS, GOVERNMENT OF INDIA, SHRI ASHWINI VAISHNAW ARRIVES IN VARANASI





PIB-Delhi: Varanasi is a very important city for Indian Railways. Apart from the city's mythological and spiritual significance, Varanasi is a key railway hub that connects remote provinces making it a vital transit point for hundreds of passenger and freight trains from different parts of the country. Keeping this significance in view, various projects are being executed by Northern Railway, Lucknow Division for improving passenger facilities, safety, security and modernization of railways.Hon'ble Minister of Railways, Government of India, Shri Ashwini Vaishnaw, Union Minister for Railways, Communications & Electronics and Information Technology arrived in Varanasi today to review progress of on-going development projects. The Hon'ble Minister of Railways first went to Kashi Station and examined up-gradation work for making Kashi an intermodal station. The Hon'ble Minister of Railways acquainted himself and interacted with Officers of Headquarters of Northern Railway present on location. "This work should reflect our commitment to quality and be finished within stipulated timeline," he said. Shri Vaishnaw inspired everyone to do their best and work with open minds as dynamic, multi-dimensional individuals. He discussed operations with the Station Superintendent and also held a press conference with media persons present at Kashi station for the occasion. Thereafter, the Hon'ble Minister of Railways reached the Malviya Bridge for inspection whereupon he gave necessary suggestions and instructions. He familiarized himself about a new 04-lane railway and 06-lane road bridge to be constructed parallel to Malviya Bridge. Also present on the occasion was Shri Ravindra Jaiswal, Hon'ble Minister of State (Independent Charge), Stamp & Court Fee and Registration, Government of Uttar Pradesh. During this inspection, the Hon'ble Minister of Railways laid special emphasis on safety, security, punctuality of train operations along with best passenger services and amenities.After inspecting Malviya Bridge, the Hon'ble Minister of Railways travelled by train from Varanasi Station towards Rae Bareli. He reviewed track safety during window trailing and suggested guidelines in this regard. On reaching Rae Bareli Station, Hon'ble Minister of Railways met Shri Dinesh Pratap Singh, Hon'ble Minister of State ( Independent charge), Horticulture, Agricultural Marketing, Agricultural Foreign Trade and Agricultural Exports, Govt. of Uttar Pradesh at Raibareli Railway station and discussed the issues of development in this area and held a press conference with media persons present at the station before leaving for Modern Coach Factory, Raebareli.

Hon'ble Minister of Railways visited the factory premises of Modern Rail Coach Factory, Raebareli. During this visit the General Manager of Modern Coach Factory, Raebareli Shri S.S. Kalsi apprised the Minister about the manufacturing and technology of different types of coaches in Modern Coach Factory. He expressed his happiness to see the technical, design and quality of coaches made in Modern Coach Factory.During the inspection of the factory, he inspected the manufacturing infrastructure of Vande Bharat trainsets and motor coaches of Vande Bharat trainsets being made in Modern Coach Factory, Raebareli.

## हेल्थ एटीएम सुविधा आमजनमानस के लिए बहुत की उपयोगी सिद्ध होगी-जिलाधिकारी



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः प्रयागराज जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में हेल्थ एटीएम लगाये जाने के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने संगठनों के प्रमुख अधिकारियों/प्रबंधकों से प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हेल्थ एटीएम लगाये जाने के लिए कहा है, जिससे कि मशीनों के माध्यम से कई तरह की जांचे की जा सकती है। छोटी मशीनों में २५ तथा बड़ी एटीएम मशीनों के द्वारा ७५ तरह की जांचों की सुविधा उपलब्ध है। इस सुविधा के माध्यम से टेली कम्यूनिकेशन के माध्यम से चिकित्सकों से परामर्श भी लिया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि हेल्थ एटीएम सुविधा आमजनमानस के लिए बहुत की उपयोगी सिद्ध होगी। जनपद में अभी तक ३ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटवा बनी (बहादुरपुर), जसरा तथा कौड़िहार में हेल्थ एटीएम की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी श्री नानक सरन सहित एनटीपीसी बारा, एनटीपीसी मेजा, इफ्को फूलपुर, इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन, इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन, यूनाईटेड मेडिसिटी, इण्डियन आयल कार्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, अल्ट्राटेक सीमेंट, प्रयागराज पावर जनरेटर कम्पनी लि०, लीड बैंक मनेजर सहित अन्य बैंको के अधिकारी/प्रबंधकगण उपस्थित रहे।

## ज्वलनशील प्रदार्थ के साथ यात्रा करना न सिर्फ जान लेवा है वरन यह एक दण्डनीय अपराध भी हैं



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः बिलासपुर यात्रा के दौरान ज्वलनशील प्रदार्थ एवं विस्पोटक पदार्थो के साथ यात्रा करना न सिर्फ जान लेवा है वरन यह एक दण्डनीय अपराध भी हैं। रेल प्रशासन के द्वारा इस प्रकार के कृत्य को रोकने के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाये जाते है, आरपीएफ/जीआरपी के द्वारा स्टेशनों में सघन जाँच भी किए जाते है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी संरक्षा को ध्यान में रखते हुए अग्नि निरोधक अभियान चला कर यात्रियों को समय-समय पर जागरूक किया जाता है । इस प्रकार के अभियान के तहत रेलवे द्वारा विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ ही साथ स्टेशनों पर उपलब्ध एनाउंस सिस्टम द्वारा भी यात्रियों को ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा नहीं करने संबंधी चेतावनी दी जाती है। रेलवे बोर्ड द्वारा आगजनी से बचाव के उपायों एवं सावधानियों के साथ ही साथ इस संबंध में विशेष दिशा-निर्देश भी समय-समय पर सभी जोनल मुख्यालयों को जारी की जाती है। रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों से अनुरोध हैं कि रेल गाडियों में ज्वलनशील प्रदार्थ एवं विस्पोटक पदार्थो जैसे गैस सिलेंडर, पेट्रोल/डीजल आदि के साथ यात्रा न करे, यह दुर्घटनाकारक हो सकती हैं। इन पदार्थो के साथ किसी अन्य को यात्रा करते देखे जाने पर इसकी जानकारी डयूटीरत टीटीई, आरपीएफ या अन्य रेल कर्मचारियों को दे।

वेंडरों के द्वारा असुरक्षित तरीके से ले जा रही जलती सिगडी आदि देखे जाने पर भी इसकी जानकारी तुरंत डयूटीरत टीटीई एवं आरपीएफ आदि को दे। ट्रेनों एवं स्टेशनों आदि सार्वजनिक स्थानो पर धुम्रपान निषेध है । इस प्रकार के कृत्य करते देखे जाने पर इसकी जानकारी अवश्य ही डयूटीरत टीटीई एवं आरपीएफ को दे ।

गैरकानूनी रूप से पट्रोल, डीजल, मिटटी तेल आदि जैसे सामानों के साथ रेल यात्रा न करे। कोच में दिये गए बिजली के समानों एवं स्विच बोर्ड के साथ छेडछाड न करें इन सभी का उपयोग रेलवे नियमानुसार करें।

# महाप्रबन्धक, उत्तर रेलवे आशुतोष गंगल का लखनऊ आगमन



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः प्रयागराज महाप्रबंधक ने संसद सदस्यों (लखनऊ एवं मुरादाबाद मंडलों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत लोकसभा और राज्यसभा) के साथ बैठक की और आलमनगर स्टेशन का निरीक्षण करके प्रगति कार्यो का लिया जायजा। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, आशुतोष गंगल ने लखनऊ में उत्तर रेलवे के लखनऊ एवं मुरादाबाद मंडलों के क्षेत्राधिकार में आने वाले निर्वाचन क्षेत्रों के माननीय मंत्रियों/ सांसदों के साथ लखनऊ में बैठक की। यह बैठक माननीय रेलमंत्री, अश्विनी वैष्णव द्वारा क्षेत्रीय रेलों के महाप्रबंधकों को देश की बेहतर सेवा के लिए आम जनता तक पहुँचने और उनके सुझाव प्राप्त करके इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आयोजित की गयी। यह बैठक उत्तर रेलवे, लखनऊ एवं मुरादाबाद मंडलों के क्षेत्राधिकार में आने वाले प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में रेल से संबंधित मामलों पर जन प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करके उनका समाधान निकालने के लिए आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम उप महाप्रबंधक (सामान्य), सत्य प्रकाश सिंह द्वारा स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया गया एवं माननीय सांसदों से अधिकारियों का परिचय कराया गया। तदोपरांत महाप्रबंधक महोदय ने उत्तर रेलवे की एक समग्र तस्वीर प्रस्तुत करते हुए सदन को लखनऊ तथा मुरादाबाद मंडलों के परिक्षेत्र में उत्तर रेलवे द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों, परियोजनाओं तथा महत्वपूर्ण कार्यो को संपन्न किये जाने की दिशा में होने वाली प्रगति से अवगत कराया, साथ ही नई पहलों के संबंध में भी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया। महाप्रबंधक ने कहा कि उत्तर रेलवे निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है एवं माननीय जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया जाने वाला मार्गदर्शन एवं परामर्श हमारे लिए अत्यंत प्रासंगिक एवं प्रेरणाप्रद रहता है। इस अवसर पर लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबन्धक, सुरेश कुमार सपरा एवं मण्डल रेल प्रबंधक, मुरादाबाद, अजय नंदन ने अपने अपने मंडलों की विकासात्मक गतिविधियों का प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया। माननीय सांसदों और उनके प्रतिनिधियों ने गाड़ियों के अतिरिक्त स्टॉपेज, नई ट्रेनें चलाने, यात्री सुविधाओं में वृद्धि, स्टेशनों पर सुविधाओं के विकास, उचित स्वच्छता जैसी मांगों को भी सामने रखा तथा रेलवे द्वारा संरक्षित, सुरक्षित एवं समयबद्ध रेल परिचालन करते हुए समस्त विकास कार्यो तथा परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के अन्दर उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, संभागीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक बहुत ही सौहार्दपूर्ण और स्वस्थ वातावरण में सम्पन्न हुई। सभी माननीय सांसदों और प्रतिनिधियों ने बैठक के आयोजन की सराहना की और कहा कि यह बैठक रेलवे के सक्रिय योगदान से क्षेत्र के विकास में बहुत प्रभावी साबित होगी।

आशुतोष गंगल ने माननीय संसद सदस्यों को आश्वासन दिया कि उत्तर रेलवे सांसदों द्वारा उठाये गये मामलों का जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास करेगा। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर रेलवे यात्रियों और अपने उपभोगकर्ताओं की सेवा में सदैव प्रतिबद्ध रहती है तथा बेहतर रेल सेवाएं प्रदान करने तथा रेल में नव सृजन करते हुए रेल का आधुनिकीकरण करने की दिशा में आज की यह बैठक विशेष आयाम स्थापित करेगी। कार्यक्रम के अंत में उप महाप्रबंधक (सामान्य), सत्य प्रकाश सिंह द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापन पारित किया गया।

महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली आशुतोष गंगल ने मुख्यालय के अन्य अधिकारियों साथ रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में नई सुविधाओं, योजनाओं और प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन से संबंधित उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की।

# माघ मेला २०२२-२३ को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत मंडलायुक्त एवं मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में समन्वय बैठक हुई संपन्न



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः प्रयागराज माघ मेले २०२२-२३ की भीड़ प्रबंधन संबंधित सभी तैयारियां २०१६-२० के माघ मेले में आई भीड़ को बेस मानते हुए की जाएंगी। मंडलायुक्त ने रेलवे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर भीड़ प्रबंधन हेतु नॉर्मल अथवा एक कंटीन्जेसी प्लान तैयार करने का भी प्रस्ताव दिया है जिसके अंतर्गत दोनों ही विभागों के अधिकारी संयुक्त सिग्नेचर कर प्लान का सत्यापन करेंगे। उन्होंने वॉलिंटियर्स की एक बड़ी टीम तैयार कर उनका ओरियंटेशन कराने का भी निर्देश दिया है जिनका इस्तेमाल मेला क्षेत्र, रेलवे स्टेशन तथा अन्य शहरी इलाकों में भीड़ प्रबंधन हेतु किया जा सके। वॉलिंटियर्स का १००-१०० व्यक्तियों का ग्रुप तैयार कर उनका ओरियंटेशन कराने के भी निर्देश दिए हैं। इन सभी व लिंटियर्स को कार्य के पश्चात जिला प्रशासन की तरफ से सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इनके चिन्हीकरण हेतु इन्हें 'क्या मैं आपकी सहायता कर सकता हूं टी-शर्ट' पहनाने का सुझाव दिया गया है। इस बार शहर के विभिन्न स्थानों में भी साईनेज लगाए जाएंगे जिससे कि श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक पहुंचने में कोई कठिनाई न हो। शहरी एवं मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कलर कोटेड साईनेज लगाने का भी प्रस्ताव है, जो विभिन्न रेलवे स्टेशनो तक ले जाने के मार्ग के साथ-साथ किस दिशा में वहां से ट्रेन मिलेगी इससे संबंधित जानकारी भी देंगे। इन सभी कलर कोडेड साईनेज को रेलवे द्वारा प्रयोग किए जा कलर कोडेड साईनेज को ध्यान में रखते हुए बनाया जाएगा। माघ स्नान उपरांत तीर्थाटन हेतु जाने की प्रथा को ध्यान में रखते हुए अयोध्या एवं विंध्याचल मार्ग पर स्पेशल ट्रेन चलाने की भी बात भी की गई है। माघ मेले से पहले सभी रेलवे स्टेशनों के आस-पास से तथा नवाब युसूफ रोड से एंक्रोचमेंट हटाने पर भी चर्चा की गई है। माघ मेला २०२२-२३ को सकुशल संपन्न कराए जाने के –ष्टिगत मंडलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री मोहित चंद्रा की अध्यक्षता में रेलवे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की समन्वय बैठक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व में आयोजित किए गए माघ मेलों से सीख लेते हुए कुछ आवश्यक निर्णय लिए गए जिसके अंतर्गत माघ मेले २०२२-२३ की भीड़ प्रबंधन संबंधित सभी तैयारियां २०१६-२० के माघ मेले में आई भीड़ को बेस मानते हुए की जाएंगी। मंडलायुक्त ने रेलवे विभाग को विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के संचालन संबंधित निर्णय भी उसी को ध्यान में रखते हुए लेने की अपील की है। मंडलायुक्त ने रेलवे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर माघ मेले की भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत एक नॉर्मल अथवा एक कंटीन्जेसी प्लान तैयार करने का भी प्रस्ताव दिया है जिसके अंतर्गत दोनों ही विभागों के अधिकारी संयुक्त सिग्नेचर कर प्लान का सत्यापन करेंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिलाधिकारी को व लिंटियर्स की एक बड़ी टीम तैयार कराने का भी निर्देश दिया है जिससे कि पुलिस एवं सिविल डिफेंस के अतिरिक्त इन व लिंटियर्स का इस्तेमाल मेला क्षेत्र, रेलवे स्टेशन तथा अन्य शहरी इलाकों में भीड़ प्रबंधन हेतु किया जा सके। उन्होंने इन वॉलिंटियर्स का १००-१०० व्यक्तियों का ग्रुप तैयार कर उनका ओरियंटेशन कराने के भी निर्देश दिए हैं। इन सभी वॉलिंटियर्स को कार्य के पश्चात जिला प्रशासन की तरफ से सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इनके चिन्हीकरण हेतु इन्हें ष्क्या मैं आपकी सहायता कर सकता हूं टी-शर्ट पहनाने का सुझाव भी मंडल आयुक्त द्वारा दिया गया है। इसी क्रम में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के दृष्टिगत मेला क्षेत्र के साथ-साथ इस बार शहर के विभिन्न स्थानों में भी साईनेज लगाए जाएंगे जिससे कि श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक पहुंचने में कोई कठिनाई न हो। शहरी एवं मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कलर कोटेड साईनेज लगाने का भी प्रस्ताव है, जो विभिन्न रेलवे स्टेशनो तक ले जाने के मार्ग के साथ-साथ किस दिशा में वहां से ट्रेन मिलेगी इससे संबंधित जानकारी भी देंगे।

# महिला कल्याण संगठन द्वारा मनाया गया बाल दिवस



रे.स.ब्यूरो./संवाः झांसीः महिला कल्याण संगठन, उत्तर मध्य रेलवे, झांसी द्वारा संचालित बेतवा नर्सरी स्कूल, रानी लक्ष्मी बाई जू० हा० स्कूल, गाँधी स्मारक जू० हा० स्कूल तथा स्वावलम्बन विद्यालय में भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ चाचा नेहरू की फोटो पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर किया गया । इस दौरान बच्चों द्वारा केक काटा गया तथा सभी बच्चों को च कलेट भी वितरित की गई। बच्चों ने कविता पाठ किया तथा अपने भाषणों में नेहरू जी जीवन की अच्छाईयों के बारे बताया। बच्चों के लिये डान्स व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा शिक्षकों द्वारा बच्चों को आपस में मिलकर तथा एक दूसरे का सहयोग करने की सीख दी गई।इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा रेनू गौतम तथा अन्य पदाधिकारी महिलायें उपस्थित रहीं तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया।

> इनसान महान पैदा नहीं होता है, उसके विचार उसे महान बनाते हैं. विचार और काम की शुद्धता और सरलता ही महान लोगों को आम लोगों से अलग करती है. वे वही काम करते हैं, जो दूसरे करते हैं, लेकिन उनका मकसद समाज में बदलाव लाना होता है।
>
> -महात्मा गांधी

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. झाँसी- उत्तर मध्य रेल झाँसी मंडल की रेल संरक्षा नुक्कड़ टीम ने दिनांकः १०.११.२२ को खजुराहो रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों एवं आम जनता को संरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर चस्पा तथा वितरित करने के साथ-साथ रेल प्रशासन द्वारा जारी संरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए उनका सजगता से पालन करने हेतु जागरूक किया। रेल संरक्षा नुक्कड़ टीम ने इस दौरान खजुराहो रेलवे स्टेशन पर आम जनता एवं रेल यात्रियों से संवाद किया तथा लोगों को ओएचई से संबधित सुरक्षा निर्देशों की जानकारी देते हुए रेल की छत पर यात्रा न करने की अपील की। रेल लाइन पार न करने, एक प्लेटफार्म से दूसरे पर जाने के लिऐ हमेशा पुल का प्रयोग करने के लिऐ सतर्क किया। नुक्कड़ नाटक टीम के सभी सदस्य रेलकर्मी हैं जो कि विगत १७ वर्षों से रेल नियमों एवं संरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करते आ रहे हैं। नुक्कड़ टीम में आनन्द प्रकाश वर्मा, सुभाष बाबू खत्री ,सुधीर मिश्रा, अनिता वर्मा शामिल रहे। नुक्कड़ नाटक टीम का निर्देशन रजनीश श्रीवास्तव ने किया।

# GRIEVANCE CAMP ORGANIZED AT DUM DUM METRO STATION



SOURCE/CPRO: Kolkata-Metro Railway is observing Vigilance Awareness Week with huge enthusiasm from 31st October to 6th November, 2022. This year's theme of celebration is "Corruption Free India for a developed nation". As part of this programme, a grievance camp was organized at Dum Dum Metro station to create awareness amongst commuters as well as staff against corrupt practices, under supervision of Deputy Chief Vigilance Officer, Metro Railway on 04.11.2022.In this camp, 14 grievance cases, submitted by the passengers and staff, were examined at length for early remedial action.

# दरभंगा-अजमेर एवं पाटलिपुत्र-अयोध्या कैंट स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार



रे.स.ब्यूरो./संवाः हाजीपुर : यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दरभंगा और अजमेर तथा पाटलिपुत्र और अयोध्या कैंट के मध्य परिचालित की जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। दरभंगा-अजमेर स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब २६.१२.२०२२ तक एवं पाटलिपुत्र-अयोध्या कैंट स्पेशल का परिचालन अब १०.१२.२०२२ तक किया जायेगा । गाड़ी सं. ०५५३७ दरभंगा-अजमेर स्पेशल, जो पहले ३०.११.२०२२ तक परिचालित की जानी थी, उसके ०४ फेरे की वृद्धि करते हुए अब २८.१२.२०२२ तक प्रत्येक बुधवार को तथा ०५५३८ अजमेर-दरभंगा स्पेशल, जो पहले ०१.१२.२०२२ तक परिचालित की जानी थी, के ०४ फेरे में वृद्धि करते हुए अब २६.१२.२०२२ तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी। इसी तरह, गाड़ी सं. ०३२१६ पाटलिपुत्र-अयोध्या कैंट स्पेशल, जो पहले ११.११.२०२२ तक परिचालित की जानी थी, उसके ०४ फेरे की वृद्धि करते हुए ०६.१२.२०२२ तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी तथा गाड़ी सं. ०३२२० अयोध्या कैंट-पाटलिपुत्र स्पेशल, जो पहले १२.११.२०२२ तक परिचालित की जानी थी, उसके ०४ फेरे की वृद्धि करते हुए १०.१२.२०२२ तक प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी ।

# महाप्रबन्धक सतीश कुमार ने कर्मचारियों को प्रदान किए संरक्षा पुरस्कार



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, सतीश कुमार ने प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में दिनांक ०६.११.२०२२ को संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित ०५ रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कृत कर्मचारियों में गौरव कुमार मौर्य/लोको पायलट/वीरांगना लक्ष्मीबाई/झांसी मण्डल, संतोष कुमार, सहायक लोको पायलट/वीरांगना लक्ष्मीबाई/ झांसी मण्डल, मनोज अग्रवाल, ट्रैक मेन्टेनर/ बिल्लोचपुरा/ आगरा मण्डल, मुकेश चन्द्रा, प्वाइण्टसमैन/ छाता / आगरा मण्डल, मोहम्मद शाहजेब, प्वाइण्टस मैन/दादरी/ प्रयागराज मण्डल शामिल हैं। मोहम्मद शाहजेब, को माह अक्टूबर, २०२२ के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। मोहम्मद शाहजेब ने गेट सं. १४६ पर कार्य के दौरान गाड़ी सं. २२४३६ से आल राईट सिगनल का आदान-प्रदान करते समय इसके ब्रेकवान से ८वीं कोच सं. सी-८ में ब्रेक बाइंडिंग रिपोर्ट किया। इनकी सूचना पर गाड़ी को अजायबपुर स्टेशन पर समय ०६:४६ बजे रोका गया, परन्तु दनकौर पास होने पर इसी कोच में पुनः व्हील जाम रिपोर्ट कर ओएचई आफ कराया गया। पुनः में टी एक्स आर स्टाफ द्वारा बोल्ट को काट कर सावधानी पूर्वक समय ०६:४३ बजे वैर लूप लाइन में क्लियर कराया गया। इस प्रकार इन्होंने सतर्कता के एवं पूर्ण लगन के साथ अपनी ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट सेवा की है।

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे १७वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेड.आर.यू.सी.सी.) की बैठक सम्पन्न



रे.स.ब्यूरो./सूत्रः बिलासपुर -दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे १७वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की इस वर्ष की दूसरी बैठक दिनांक ०३ नवंबर' २०२२ को महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, आलोक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई । इस बैठक में क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के २४ सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सदस्यों के अतिरिक्त दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक के प्रारम्भ में सदस्यों का स्वागत करते हुए उप महाप्रबंधक (सा.) एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ZRUCC) के सचिव तन्मय माहेश्वरी ने इस बैठक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की समस्त उपलब्धियों में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से आप सभी सदस्यों के सुझाव एवं सहयोग समाहित है । बैठक में आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अध्यक्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ZRUCC) ने अपने उद्बोधन में माननीय सदस्यों का इस बैठक में स्वागत करते हुए यात्री सुविधाओं के विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यो एवं जोन की उपलब्धियों से माननीय सदस्यों को अवगत कराया। उन्होनें कहा कि त्योहारों के मौसम में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए इस वर्ष ट्रेनों में ३००० से अधिक अतिरिक्त कोच लगाए गए, जिससे २ लाख से अधिक यात्रियों को कन्फर्म बर्थ की सुविधा प्राप्त हुई। महाप्रबंधक ने सभी माननीय सदस्यों के साथ विचार विमर्श करते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सुरक्षित रेल परिचालन के लिए सभी रेलकर्मी निरंतर अथक प्रयास कर रहे हैं। यात्री सुविधाओं एवं सेवाओं में लगातार सुधार हम सब का उद्देश्य है एवं हम सभी निष्ठापूर्वक इस उद्देश्य के लिए कार्य कर रहे हैं । उन्होने सदस्यों के सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। महाप्रबंधक के संबोधन के पश्चात् क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्यों के समक्ष उप महाप्रबंधक (सा.) एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ZRUCC) के सचिव तन्मय माहेश्वरी ने पावरपाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा उपलब्ध कराई गयी यात्री सुविधा एवं उपलब्धियों की जानकारी दी । इस दौरान एक डाक्यूमेंट्री फिल्म द्वारा विकास के उत्प्रेरक के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की भूमिका को दर्शाया गया। इस बैठक में यात्री सुविधाओं से संबंधित तथा यात्री सुविधा विकास एवं परियोजनाओं से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया । सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझावों के रूप में यात्री सुविधाओं से संबन्धित मुद्दे जिसमें में प्रमुख रुप से ट्रेनों के टहराव, विस्तारीकरण तथा महत्वपूर्ण समपार फाटकों पर रोड ओवर ब्रिज रोड अंडर ब्रिज की सुविधा सहित विभिन्न यात्री सुविधाएं आदि शामिल थे। इस बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक (सा.) ने किया एवं सदस्यों में शैलेष पाण्डेय, विधायक, बिलासपुर, कल्पतरु सामंतराय, डिप्टी सेक्रेटरी, ओडिशा सरकार, जगदीश थपलियाल, जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय व्यापार, महाराष्ट्र, नागपुर, गोपाल अग्रवाल, सचिव, चौंबर अ फ कामर्स, रायगढ़ (छ.ग.), राकेश प्रताप सिंह, इस बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा नारायण भूषणिया को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (एन.आर. यू.सी.सी.) का सदस्य चुना गया।

सेवाओं से संबन्धित परामर्श एवं सेवाओं की दक्षता में सुधार के लिए उप महाप्रबंधक (सा.) के द्वारा सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# बड़े बुजुर्ग सम्मान की बुनते हैं चादर और हम उसे कर देते हैं तार-तार

साभारः राजनांदगांव । जैन संत हर्षित मुनि ने कहा कि घर के बड़े बुजुर्ग एक-एक कर सम्मान की चादर बुनते हैं और हम उन्हें तार-तार कर देते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ भी करने से पहले यह सोचना चाहिए कि हमारा कार्य कहीं उस सम्मान की चादर को तार-तार तो नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि माता-पिता हमारा हित चाहते हैं इसलिए दोस्तों के खातिर माता-पिता का अनादर नहीं करना चाहिए। समता भवन में अपने नियमित प्रवचन में जैन संत श्री हर्षित मुनि ने कहा कि, कहा जाता है कि बच्चों का कुछ अनिष्ट होने वाला है तो इसका आभास माता-पिता को पहले हो जाता है। दरअसल माता-पिता हमसे बेहद प्रेम करते हैं। बच्चे कहीं बाहर जाते हैं तो माता चिंतित हो जाती है। वह फोन कर पूछती है कि बेटा खाना खा लिया क्या ?, किंतु बच्चे एक बार भी नहीं पूछते कि मां आपने खाना खा लिया! उन्हें तो यह लगता है कि मां स्वयं डिश बना रही है तो वह खा ही लेगी किंतु खाने के पहले माता-पिता को बच्चों का ध्यान आता है। जैन संत ने कहा कि दोस्ती के लिए माता-पिता का ऋण भूलना नहीं चाहिए। उनके मन में आपका हित बसा हुआ है।

जिस तरह गाय बछड़ा देती है तो उसे चाट चाट कर खड़ा करने की कोशिश करती है और जब तक वह खड़ा नहीं हो जाता तब तक उसे चौन नहीं आता। इसी तरह मां-बाप का भी प्यार होता है। माता पिता के इस प्रेम को धोखा मत दो। श्री हर्षित मुनि ने फरमाया कि सच्चे मन से हम प्रकृति से जो मांगते हैं वह हमें मिलता है।

भले ही हमें इसकी समझ ना हो कि हम क्या मांगे? उन्होंने कहा कि धर्म हमारा सफलता के मार्ग में सहायक होता है।

जिसे धर्म के लिए फुर्सत नहीं है, उसे अंतिम समय में भी धर्म के लिए फुर्सत नहीं मिल पाती है। हमारे जीवन के छोटे-छोटे कर्म, छोटे-छोटे धर्म, कहीं ना कहीं जाकर एकत्र होते हैं और यह एकत्र पुण्य ही हमारा काम आता है। हम संकल्प लें कि प्रतिदिन हम सामायिक के लिए समय निकालेंगे।

# आशुतोष गंगल, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने ६६ वीं अखिल भारतीय रेलवे बैडमिंटन चौम्पियनशिप का शुभारंभ किया

रे.स.ब्यूरो./सूत्रः ६६ वीं अखिल भारतीय रेलवे बैडमिंटन चौम्पियनशिप का आयोजन दिनाँक २५.११.२०२२ से २६.११.२०२२ तक करनैल सिंह स्टेडियम नई दिल्ली में किया जा रहा है। आशुतोष गंगल, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने दिनाँक २४.११.२०२२ को करनैल सिंह स्टेडियम में इस चौम्पियनशिप का शुभारंभ किया।


इस अवसर पर श्री गंगल ने नवीनीकृत बैडमिंटन हाल का भी उदघाटन किया जिसमें इस चौम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस चौम्पियनशिप में राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के २०० खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। गंगल ने इस चौम्पियनशिप में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उत्तर रेलवे खेलकूद संघ के अध्यक्ष, एस.के. पांडे, मण्डल रेल प्रबंधक दिल्ली मण्डल, डिम्पी गर्ग, कामनवेल्थ गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता सुश्री साक्षी मलिक सहित अन्य गणमान्य व अधिकारी भी उपस्थित थे।

## भारतीय रेल मिशन १०० प्रतिशत विद्युतीकरण की ओर अग्रसर

पसूका/नई दिल्लीः भारतीय रेल ने अपने सम्पूर्ण ब्रॉडगेज नेटवर्क के विद्युतीकरण की महत्वाकांक्षी योजना प्रारम्भ की है। इस योजना से न केवल बेहतर ईंधन ऊर्जा का उपयोग होगा, जिससे उत्पादन बढ़ेगा, ईंधन खर्च में कमी आएगी, बल्कि मूल्यवान विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी।वित्त वर्ष २०२२-२३ के दौरान अक्टूबर, २०२२ तक भारतीय रेल ने १२२३ रूट किलोमीटर के विद्युतीकरण का काम कर लिया है। वित्त वर्ष २०२१-२२ की समानावधि के दौरान ८६५ रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण हुआ था। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के आंकड़े से ३६.६४ प्रतिशत अधिक है। यह महत्वपूर्ण है कि भारतीय रेल के इतिहास में २०२१-२२ के दौरान ६,३६६ रूट किलोमीटर का रिकॉर्ड विद्युतीकरण किया गया। इससे पहले, २०२०-२१ के दौरान सबसे अधिक विद्युतीकरण ६,०१५ रूट किलोमीटर का हुआ था। ३१.१०.२०२२ तक भारतीय रेल के ब्रॉडगेज नेटवर्क ६५,१४१ रूट किलोमीटर (केआरसीएल सहित) में से ५३,४७० ब्रॉडगेज रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण किया गया है, जो कुल ब्रॉडगेज नेटवर्क का ८२.०८ प्रतिशत है।

# HON'BLE MINISTER OF RAILWAYS, GOVT, SHRI ASHWINI VAISHNAW ARRIVES IN DEOBAND TODAY





PIB/Delhi:Conducts rear window inspection of New Delhi-Deoband rail section and inspects Deoband Railway Station Hon'ble Union Minister for Railways, Communications & Electronics and Information Technology, Government of India, Shri Ashwini Vaishnaw conducted rear window inspection of New Delhi-Deoband rail section today. He was accompanied by Sh. Ashutosh Gangal, General Manager, Northern Railway, Sh. Dimpy Garg, DRM/Delhi and Principal Heads of Department of Northern Railway. During the process of window trailing, Hon'ble Minister enquired and reviewed information about stations and progressive development works on this section as well as passenger amenities available at stations en-route.Upon reaching Deoband Railway Station, the Hon'ble Minister of Railways, was briefed and apprised about the progress of various new development projects at the Station, including the following :1. Three new high level platforms of full length 2. New station building including development of circulating area3. Two new loop lines to accommodate passengers including passenger platform for under construction Deoband-Roorkee New line4. Construction of a new goods siding for augmenting freight traffic Hon'ble Minister of Railways instructed that the Deoband Railway Station facade should be developed to represent local culture and famous regional tourist spots like Bala Sundari Temple. The Hon'ble Minister gave the example of Khurda Railway Station vis-à-vis development of Deoband Station's second entry, full length covering of platforms and easy access circulating area.Following both inspections, the Hon'ble Minister of Railways emphasized that timelines and schedules for completion of all works must be strictly maintained. "Utmost focus should be given to safety of train operations in these sections due to high density of rail traffic in this route. Best amenities and services should be provided to passengers and cleanliness of highest standards should be maintained", the Hon'ble Minister added.

## ''वैगन एयर ब्रेक सिस्टम'' पर आधारित तकनीकी सेमिनार का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. हाजीपुर- पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा, द्वारा को पं.दीन दयाल उपाध्याय जं. स्थित वैगन केयर सेंटर का गहन अवलोकन किया गया। इस क्रम में महाप्रबंधक ने वैगनों के रख-रखाव हेतु उपलब्ध सुविधाओं, उपकरणों एवं कार्यो आदि का जायजा लिया। इसके उपरांत वैगन केयर सेंटर में ''वैगन एयर ब्रेक सिस्टम'' पर आधारित एक तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा एवं पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार पांडेय व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# R.N. Singh Takes over as General Manager, Southern Railway



Source-CPRO/SR: R.N. Singh assumed charge as the General Manager of Southern Railway on 7th November 2022. An officer of IRSE cadre (Indian Railway Service of Engineers) of 1986 batch, Shri R.N. Singh has served Indian Railways and PSUs in important executive and management positions such as Divisional Railway Manager, Delhi Division, Managing Director/DFCCIL (Dedicated Freight Corridor Corporation of India Limited),. Prior to taking over as General Manager, Southern Railway, Shri R.N. Singh held the post of Principal Executive Director/ Infrastructure, Ministry of Railways and Secretary/Railway Board. R.N. Singh has rich experience in planning and execution of mega-infrastructure projects such as Dedicated Freight Corridors, Major Bridges, High Speed Railway etc. and has wide exposure in various aspects of Railway management during his career spanning more than 34 years. His areas of specialisation include Project Management, Railway Operations, PPP and Strategic Management. He is an alumnus of IIT Roorkee and has undergone multiple trainings such as Disaster Management from Holland, Advanced Management from Singapore/Malaysia, Strategic Management from Paris and ISB, Mechanised Maintenance from Austria and Executive Management from University of Bocconi, Italy

राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
सरदार वल्लभ भाई पटेल


**पाठकों से अनुरोध**

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/ अनिल केन
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५



समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255 ए चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर, कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं. 51097.90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040




नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान रेलवे बोर्ड के सी.ई.ओ. एवं अध्यक्ष वी.के.त्रिपाठी के साथ रेल समाचार ब्यूरो के प्रधान संपादक ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

## आरडब्ल्यूडब्ल्यूसीओ द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता हेतु पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



साभार: रेल बिराद्री के बच्चों के बीच कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से, रेलवे महिला कल्याण केंद्रीय संगठन (आरडब्ल्यूडब्ल्यूसीओ) हर साल रेलकर्मियों के बच्चों के लिए ऑल इंडिया रेलवे ड्राइंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करता है। प्रतियोगिता के विजेताओं को संगठन द्वारा आयोजित एक समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने के लिए दिल्ली आमंत्रित किया जाता है। इस वर्ष समारोह २३ नवंबर, २०२२ को राष्ट्रीय रेल संग्रहालय सभागार, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मीना त्रिपाठी, अध्यक्षा, (आरडब्ल्यूडब्ल्यूसीओ) ने मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेल के विभिन्न रेलवे मंडलों, क्षेत्रों औरउत्पादन यूनिटों से विशेष रूप से आमंत्रित रेलकर्मियों के विजेता बच्चों(संख्या में ४७) को योग्यता प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए।